# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 01.10.2024**

**मीडिया सेल, महोबा**

## मिशन शक्ति अभियान-4 के तहत जनपद के समस्त थानों में गठित एण्टी रोमियों टीमों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त कर शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरुक किया गया-

"मिशन शक्ति अभियान फेज - 4.0" व "शक्ति दीदी" अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 01.10.2024 को जनपद के प्रत्येक थाने में गठित मिशन शक्ति/एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रअन्तर्गत स्कूल, कालेज, कोचिंग संस्थान एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विरुद्ध हो रहे विभिन्न अपराध जैसे- सार्वजनिक स्थलो में छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं/अपराधओं को रोकने के लिये एवं ऐसे अपराधों के प्रति आवाज उठाने के लिये उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

इस दौरान उनकी सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, महिला हेल्प लाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 इत्यादि के बारे में जानकारियां प्रदान की गई । इस दौरान सभी को अवगत कराया गया कि सभी थानों में उनकी सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा उनकी शिकायतें सुनी जाती हैं तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है।



## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 01.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह भी मौजूद रहीं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 01.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ की संयुक्त पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 30.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई।

उ0नि0 कृष्ण मुरारी मिश्रा के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ ग्राम रिवई से 01 नफर अभियुक्त अंगद राजपूत पुत्र टूट्टी राजपूत उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना महोबकंठ जनपद महोबा को पुलिस हिरासत में लिया गया। जिसके कब्जे से 01 प्लास्टिक की पिपिया में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामदगी की गई है।

उ0नि0 राजेश कुमार के नेतृत्व में गठित हुई द्वितीय पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ ग्राम रजौनी से 01 नफर अभियुक्त राहुल राजपूत पुत्र सुरेश राजपूत उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम रजौनी थाना महोबकंठ जनपद महोबा को पुलिस हिरासत में लिया गया। जिसके कब्जे से 01 अदद प्लास्टिक की बोरी में 22 क्वार्टर देशी शराब की बरामदगी की गई है ।

उक्त अवैध शराब की बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 184/2024 व मु0अ0सं0 185/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई ।

## गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम का विवरण-


### प्रथम पुलिस टीम-

1. उ0नि0 कृष्ण मुरारी मिश्रा 2. प्र0उ0नि0 अनुज कुमार सिंह

### द्वितीय पुलिस टीम-

1. उ0नि0 राजेश कुमार 2. उ0नि0 देवेन्द्र पाण्डेय
3. कां0 विजय निरंकारी





@MahobaPolice

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 01.10.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## "स्वैच्छिक रक्तदान एक मानव का दूसरे मानव को अनमोल तोहफा- पुलिस अधीक्षक महोबा"

**स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा स्वयं रक्तदान कर उपस्थित लोगों का मनोबल बढ़ाया गया तथा सभी को रक्तदान करने की शपथ दिलाई गई।**

आज दिनांकः- 01 अक्टूबर 2024 को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्त केन्द्र महोबा (जिला चिकित्सालय महोबा) में वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर महोबा में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर इस राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर जनपद महोबा के गणमान्य नागरिकगण एवं विभिन्न सेवा संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल द्वारा स्वयं अपना रक्तदान किया गया एवं आमजनमानस को इस पुनीत कार्य 'रक्तदान' करने हेतु प्रेरित करते हुए उपस्थित लोगों का मनोबल बढ़ाया गया तथा सभी को रक्तदान करने की शपथ दिलाई गई।

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर अमर उजाला फाउण्डेशन तथा अन्य स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा इस शिविर का आयोजन किया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदानियों ने स्वेच्छ से रक्तदान हेतु अपना पंजीकरण कराया तथा महादानियों ने अपना रक्तदान किया।

इस मौके पर पीआरओ पुलिस अधीक्षक अरविन्द सिंह गौर सहित पुलिस विभाग के अधि./कर्म. के साथ जनपद के प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी स्वास्थ्य विभाग के अधि./कर्म. क्रमशः मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 पवन कुमार अग्रवाल, रक्त केन्द्र प्रभारी डॉ0 राजेश कुमार भट्ट, डॉ0 योगेन्द्र सिंह रजावत, रक्त केन्द्र के टेक्निकल सुपरवाइजर शरद चन्द्र, परामर्शदाता नदीम अहमद सहित समस्त टेक्निकल स्टॉफ उपस्थित रहा।












@MahobaPolice

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा वीरभूमि डिग्री कालेज अवस्थित सभाकक्ष में अमर उजाला द्वारा आयोजित भविष्य ज्योति कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। जनपद का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

आज दिनांकः- 01.10.2024 को अमर उजाला के तत्वाधान में विश्व ज्योति मेधावी छात्र सम्मान का आयोजन वीर भूमि महोबा डिग्री कॉलेज में किया गया। इस भविष्य ज्योति कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। इस दौरान जनपद महोबा के 217 ऐसे बच्चे जो हाईस्कूल/इण्टर में 90% से अधिक अंक पाने वाले मेधावी बच्चों को मेडल व प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा अपने वक्तव्य में मेधावी बच्चों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा गया कि कठिन परिश्रम से कोई भी कार्य सफल हो जाता है, सभी उच्च शिक्षा ग्रहण कर विभिन्न क्षेत्रों में अपना प्रतिनिधित्व करें, सोशल मीडिया प्लेटफार्म का बहुत सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करें मोबाइल फोन में ज्ञान अर्जन करने वाली चीजें ही देखे अनावश्यक लिंक/वस्तुओं से दूरी बना के रखें।

इस दौरान मा0 सदर विधायक श्री राकेश कुमार गोस्वामी, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार, बीएसए श्री राहुल मुश्रा, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी झांसी मण्डल, प्राचार्य वीरभूमि डिग्री कालेज श्री सुशील बाबू, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, रामजी गुप्ता सहित जनपद के प्रबुद्धजन व मेधावी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

